RNI-MPHIN/2017/74991 ajaykranti.com

डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/370/2021-23

# अजय क्रांति

e-mail:ajaykranti.news@gmail.com

हिन्दी साप्ताहिक

वर्ष-07 अंक-02 उज्जैन, दिनांक 9 जनवरी 2024 (प्रति मंगलवार को जारी) डाक द्वारा प्रति गुरुवार पृष्ठ 8, मूल्य 3 रुपए

नाम ..........................................
..........................................
पता ..........................................
..........................................
..........................................

सम्पर्क करें
अजय क्रांति में विज्ञापन एवं समाचार हेतु सम्पर्क करें। म.प्र. के सम्पूर्ण जिलों में ब्यूरो नियुक्त करना है। मोबा. 9424507111

# जोन और थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए-मुख्यमंत्री डॉ यादव

›› जुलूसों का संचालन देर रात तक न हो›› सघन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस का आवागमन सुगम हो ›› मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य ऐजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए। उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित थीं।

## अपराध और ठगी के नए तरीकों पर नियंत्रण जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अपराध और ठगी के सामने आ रहे नए तरीकों पर नियंत्रण करने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाईयाँ न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरूध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थानों में जब्त की गई सामग्री को उसके वास्तविक स्वरूप में ही रखा जाए, सामग्री से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थाना प्रभारी उनके क्षेत्र में रहने वाले संभ्रांत लोगों से भी संबंध और सम्पर्क बनाएं।

## जेलों का भी औचक निरीक्षण करें कलेक्टर्स

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रदेश के सभी जेलों में बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डॉ यादव ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के लिए उन्हें जेलों में विभिन्न कौशल संबंधी व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित नगरीय निकायों के साथ मिलकर रोजगार की अन्य योजनाएं संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। डॉ यादव ने कहा कि शादी विवाह तथा अन्य अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पुलिस बैंड प्रशिक्षण के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की तथा 15 अगस्त तक सभी जिलों में पुलिस बैंड की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## नगरीय निकाय मांस विक्रय के लिए जल्द विकसित करें विशेष क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि खुले में मांस के विक्रय पर कार्रवाई की जाए तथा नगरीय निकाय और नगर पंचायतें बजट में विशेष प्रावधान कर मांस विक्रय के लिए विशेष क्षेत्र विकसित करने की कार्रवाई तेज गति से करें। राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक में गंभीर अपराधों में आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण, महिला अपराधों पर नियंत्रण, मादक पदार्थों पर की गई कार्रवाई, नाबालिग बालक- बलिकाओं की बरामदगी, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, साइबर क्राइम पर की गई कार्यवाही तथा नवाचारों के संबंध में जानकारी दी गई।

## भोपाल नगरीय पुलिस में आईपीसी अपराधों में आई गिरावट

भोपाल नगरीय पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायण चारी मिश्रा ने भोपाल नगरीय पुलिस के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि अपराध वर्ष 2022-23 में भोपाल में आईपीसी अपराध में 6 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के मामलों में 42 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 14 प्रतिशत,लूट में 16 प्रतिशत, बलात्कार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां बढ़ी हैं। पुलिस आयुक्त ने भोपाल कमिश्नरेट रेट के उल्लेखनीय कार्यों को भी प्रस्तुत किया। बैठक में भोपाल संभाग के विधायकगण, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने देश के प्रथम स्वस्थ, स्वच्छ, हाईजेनिक फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' का लोकार्पण किया



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने उज्जैन में देश के प्रथम स्वस्थ, स्वच्छ, हाईजेनिक फूड स्ट्रीट प्रसादम का लोकार्पण किया। 175 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्रसादम में 17 दुकानें रहेंगी। उज्जैन आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को श्रीअन्न मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 218.76 करोड़ के 187 कार्यों का रिमोट दबाकर भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया, जिसमें उज्जैन में हरसिद्धि चौराहे से महाराजवाड़ा तक होने वाले विकास कार्य, महाकाल मन्दिर स्थित नन्दी हॉल का सौंदर्यीकरण, हरिफाटक पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था का शिलान्यास भी शामिल है। इसमें प्रदेश की 36 स्वास्थ्य संस्थाओं का भूमिपूजन एवं 150 स्वास्थ्य संस्थाओं का लोकार्पण शामिल है।


प्रसादम के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में विकास का कारवां लगातार चलता रहेगा, विकास कार्यो से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि 25 दिन पूर्व उन्होंने खुले में बिकने वाले मांस एवं मछली की दुकानों को हटाने के निर्देश दिये थे। आज प्रदेश में लगभग खुले में बिकने वाली मांस एवं मछली की ऐसी 25 हजार दुकानों को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड की जो चुनौती थी, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मांडविया के सहयोग से सफलतापूर्वक निपटा गया है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन भविष्य का ग्रीनविच है। हमने फिजिक्स एवं आईआईटी को जोड़कर रिसर्च कराने का कार्य किया है। उज्जैन से सम्बन्धित हुए बिना जीवन का सार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने चौंसठ कलाएं उज्जैन से ही सीखी थी। उज्जैन ही वह स्थान है जहां से संघमित्रा एवं महेन्द्र बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिये श्रीलंका गये थे। विक्रमादित्य एवं उनके भाई राजा भर्तृहरि का सम्बन्ध भी उज्जैन से ही था।

# सम्पादकीय

## आदित्य का सूर्य नमस्कार

**भारतीय संस्कृति में हम सूर्य को 'आराध्य देव' मानते और पूजते आए हैं। बाल हनुमान और सूर्य की 'मिथकीय कहानी' आपने भी सुनी और पढ़ी होगी, लेकिन वैज्ञानिकों की जिज्ञासाओं, प्रयोगों और अनुसंधानों की सीमा अनंत है। वैज्ञानिक भी 'सूर्य नमस्कार' करते हैं, लेकिन वे सूर्य के भीतर के यथार्थ को भी जानना चाहते हैं। यही विज्ञान का मर्म है। इस संदर्भ में भारत के इसरो का 'आदित्य एल-1' सौर मिशन अपनी मंजिल तक पहुंचा है, यकीनन यह एक असाधारण और ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह इसरो का प्रथम प्रयोग है, जिसने 'लैंग्रेज प्वाइंट-1' तक पहुंच कर और अपनी कक्षा में स्थापित होकर अंतरिक्ष विज्ञान में एक और अध्याय जोड़ दिया है। अब भारत इस सफल प्रयोग के बाद अमरीका और जापान सरीखे देशों की जमात में शामिल हो गया है। 'चंद्रयान-3' और 'आदित्य एल-1' के सफल मिशनों के बाद भारत को 'अंतरिक्ष राष्ट्र' कहा जाने लगा है। नासा भी हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के हुनर को सलाम करने लगा है और अब सभी की निगाहें 'गगनयान' मिशन पर लगी हैं। मिशन के यान ने एल-1 तक पहुंचने में 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय की है। यह दूरी पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी का मात्र एक फीसदी ही है। कल्पना करें कि सूर्य पृथ्वी से कितनी दूर है। उसके बावजूद वह ऊर्जा और प्राणीय जीवन का मुख्य स्रोत है। आदित्य मिशन अगले 5 सालों तक सूर्य और उसकी गतिविधियों का अध्ययन करेगा। हररोज 1440 चित्र पृथ्वी पर भेजेगा। इस निष्कर्ष तक पहुंचने के प्रयास करेगा कि सूर्य के भीतर की हलचलें किस सीमा तक पृथ्वी को प्रभावित करती हैं। मिशन पर 380 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं, लेकिन मिशन के पेलोड सूर्य के जिन अनसुलझे रहस्यों को बेनकाब कर विश्व के सामने पेश करेंगे, वह बेमिसाल और अमूल्य कोशिश होगी। मिशन यान के डेक पर 'मैग्नेटोमीटर' लगा है, जिसका काम गुरुत्वाकर्षण की जानकारी जमा करना है। हालांकि एल-1 ऐसा बिंदु है, जहां सूर्य, ग्रह और तारों का गुरुत्वाकर्षण प्रभावहीन होता है, लिहाजा अध्ययन के लिए इसरो ने इस स्थान को चुना। यहीं से सूर्य की गतिविधियों पर लगातार निगाह बनी रहेगी। यह उपकरण सौर गतिविधियों की जानकारी भी जुटाएगा और सूर्य पर चलने वाली हवाओं का भी अध्ययन करेगा। सूर्य की लपटों को समझने का दायित्व 'हेलियोज' का है। सूर्य की कुल ऊर्जा और तीव्रता को भी समझा जा सकेगा। सूर्य पर हवा में मौजूद कणों का पता लगाने के लिए भी उपकरण है। सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड को पराबैंगनी रेंज के पास तस्वीरें लेने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सौर विकिरण को भी मापेगा। सॉफ्ट एक्सरे स्पेक्ट्रोमीटर को भी पेलोड के तौर पर ले जाया गया है। यह एक तारे की तरह सूर्य का अध्ययन करने की क्षमता रखता है। यह सॉफ्ट एक्सरे प्रवाह को मापने का भी काम करेगा। 'प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य' (पापा) पेलोड को सौर ऊर्जा को समझने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सूर्य पर चलने वाली हवाओं और उनकी संरचना को समझने में सक्षम है। सूरज पर मौजूद इलेक्ट्रॉन्स और भारी आयन की दिशा का पता भी लगाएगा। बेशक 'आदित्य एल-1' अंतरिक्ष विज्ञान और मिशन के संदर्भ में 'मील का पत्थर' है। जिस देश को सांप-सपेरों और गोबर वाला देश माना जाता था, आज वही देश अमरीका, जापान, रूस सरीखे देशों के अंतरिक्ष अनुसंधानों से होड़ ले रहा है। पूरे अभियान के दौरान हमारा मिशन अध्ययन में जुटा रहेगा।**

# मालदीव प्रकरण से सबक ले दुनिया, पड़ोस प्रथम की नीति पर चलने वाले भारत को छेड़ा तो खैर नहीं



जहां तक मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणियों पर भारत के आधिकारिक रुख की बात है तो भारतीय उच्चायोग के स्तर पर तत्काल ही आपत्ति जता दी गयी थी लेकिन अब भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर भी अच्छी तरह से सुना दिया गया है।

भारत हमेशा 'पड़ोस प्रथम नीति' को आगे रखकर चलता है लेकिन यदि पड़ोसी ही आंख दिखाने लगे तो उसे लगे हाथ तगड़ा जवाब भी दे दिया जाता है। कर्ज में डूब चुके मालदीव को भारत ने लगातार आर्थिक मदद देकर उबारा, वहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपना पैसा लगाया, भुखमरी और महामारी के समय वहां भोजन और वैक्सीन पहुँचाई। वहां के पर्यटन क्षेत्र को खड़ा करने के लिए भारतीयों ने ऐसा योगदान दिया कि माले के सरकारी खजाने में डॉलरों का ढेर लग गया। लेकिन अब वहां जो चीन समर्थक नई सरकार आई है वह लगातार भारत को अपमानित करने का काम कर रही है। भारत ने पहले तो बेहद संयमित रुख अपनाया लेकिन जब मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां कर दीं और भारतीय पर्यटन क्षेत्र का मजाक उड़ाया तो पूरे देश ने एक साथ खड़े होकर मालदीव को ऐसा सबक सिखाया कि वह नजीर बन गया।

प्रधानमंत्री के खिलाफ मालदीव के तीन मंत्रियों की टिप्पणियों से गुस्साये भारतीयों ने मालीदव की यात्रा रद्द करनी शुरू कर दी। होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग रद्द होने लगी और सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालीदव ट्रेंड होने लगा तो माले सरकार घबरा गयी और आनन-फानन में उन तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया जिन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। साथ ही मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर यह भी कहा कि मंत्रियों के बयान मालदीव की नीति के अनुरूप नहीं हैं। यही नहीं, मालदीव की पूर्व सरकार के मंत्रियों और पूर्व राष्ट्रपतियों ने भी अपने ही देश की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और भरोसेमंद पड़ोसी भारत के खिलाफ की गयी टिप्पणियों को 'अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने' के समान बताया।

जो लोग 'नया भारत' क्या है, यह बात आज तक नहीं समझे हैं उन्हें जरा उन टिप्पणियों पर गौर फरमा लेना चाहिए जो 'बॉयकॉट मालीदव' या 'पहले भारत के द्वीपों की सैर करो' जैसे हैशटैग के साथ लिखी गयी हैं। जिस तरह फिल्म उद्योग, खेल जगत और अन्य क्षेत्रों की हस्तियों ने प्रधानमंत्री के समर्थन में टिप्पणियां करते हुए मालदीव को खरी खरी सुनाई है उससे माले के पूरे पर्यटन उद्योग को दिन में तारे दिख गये हैं। भारतीयों के रुख को देखते हुए अन्य देशों ने भी बड़ी प्रेरणा ली होगी क्योंकि आज के समय में भारतीय नागरिक ही कई देशों की पर्यटन अर्थव्यवस्था में जान फूंक रहे हैं। इसके अलावा इस पूरे प्रकरण से लक्षद्वीप के पर्यटन को भी नये पंख लगना तय हो गया है क्योंकि अधिकतर लोगों ने वहां की यात्रा की इच्छा जताई है। आने वाले दिनों में संभव है कि वहां के लिए अधिक से अधिक फ्लाइटें शुरू हो जाएं ताकि लोग आसानी से वहां पहुँच सकें।

जहां तक मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणियों पर भारत के आधिकारिक रुख की बात है तो भारतीय उच्चायोग के स्तर पर तत्काल ही आपत्ति जता दी गयी थी लेकिन अब भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर भी अच्छी तरह से सुना दिया गया है और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। हालांकि मालदीव सरकार अपने बचाव में तर्क दे रही है कि मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर रविवार को ही तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है। हम आपको बता दें कि तीनों उप मंत्रियों ने लक्षद्वीप की यात्रा के बाद 'एक्स' पर प्रधानमंत्री की ओर से की गयी पोस्ट के लिए उनकी आलोचना की थी और कहा था कि यह केंद्र शासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का एक प्रयास है। मालदीव की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, युवा मंत्रालय में उप मंत्रियों- मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महज़ूम माजिद को उनके पदों से निलंबित कर दिया गया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह विवाद ऐसे दिन शुरू हुआ, जब मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू एक सप्ताह की चीन यात्रा पर रवाना हुए। देखा जाये तो मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और माले की पिछली सरकार में दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति देखी गई थी। नये राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का करीबी माना जाता है। पदभार संभालने के तुरंत बाद मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी का आह्वान किया था। माना जा रहा है कि चीन समर्थक और मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी सहयोगी माने जाने वाले मुइज्जू ने चीन की उम्मीदें बढ़ा दी हैं कि भारत के दक्षिणी तट के करीब हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपीय देश उसके समर्थन में अब नीतियों को आगे बढ़ाएगा।

बहरहाल, जहां तक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन यात्रा की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि इस दौरान शी जिनपिंग तथा मुइज्जू दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने पिछले सप्ताह कहा था कि राष्ट्रपति शी आठ से बारह जनवरी तक राजकीय यात्रा पर आ रहे मुइज्जू के स्वागत में भोज देंगे। दोनों राष्ट्राध्यक्ष बातचीत करेंगे और 'सहयोग दस्तावेजों के हस्ताक्षर समारोह' में भाग लेंगे। यहां यह भी ध्यान रखे जाने की जरूरत है कि मालदीव के राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने 'पहले भारत' की नीति का पालन किया था और भारत के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित किए थे।

# इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे की राह में बड़ी बाधा बन गयी प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकों के बावजूद सीटों के तालमेल और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का मुद्दा उलझने से लोकसभा चुनाव में भाजपा से मजबूती से संयुक्त रूप से मुकाबला करने पर संशय बना हुआ है। गठबंधन के दल अपनी सुविधा के हिसाब से चुनावी गणित लगा रहे हैं। क्षेत्रीय दल राज्यों के हिसाब से सीटों की दावेदारी जता रहे हैं। कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीतीं थीं लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया।

महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर पार्टी सीटों की बड़ी हिस्सेदारी चाहती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना की 23 सीटों की मांग काफी ज्यादा है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी की 23 संसदीय सीटों की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर सकती है, लेकिन वे उनका क्या करेंगे? शिवसेना के नेता चले गए हैं, जिससे संकट पैदा हो गया है। उम्मीदवारों की कमी शिवसेना के लिए एक समस्या है। वर्ष 2019 में अविभाजित शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिला लिया। इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का इंतजार किए बगैर ही समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इलेक्शन की तैयारी कर रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर बड़ा दावा कर दिया। अखिलेश यादव के मुताबिक अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

# हम संकल्प लेते हैं कि 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएंगे-राज्यपाल पटेल

## राज्यपाल ग्राम सोढ़ंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए






**उज्जैन।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल रविवार को उज्जैन की जनपद पंचायत घट्टिया की ग्राम पंचायत सोडंग में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों व पंचायतों में निरंतर निकाली जा रही है। यात्रा में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है। साथ ही जो भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, उनका भी पंजीयन किया जा रहा है। सरकार स्वयं आपके गांव और आपके घर तक आकर आपको योजनाओं का लाभ दे रही है। उज्जैन जिले में विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। हम सब के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए गए शिविर में न सिर्फ योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल रही है बल्कि छूटे हुए पात्र लोगों को पंजीकृत भी किया जा रहा है। इस प्रकार की यात्रा पहले कभी नहीं निकाली गई। ऐसा पहली बार हो रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ आपको अपने घर, अपने गांव में मिल रहा है। केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं। पहले चूल्हे पर खाना बनाने में बहुत परेशानियों का सामना महिलाओं को करना पड़ता था। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसकी चिंता करते हुए उज्ज्वला योजना प्रारंभ की?। आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों का उपचार सरकार की ओर से वहन किया जा रहा है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। शासन की योजनाओं से सभी पात्र हितग्राही लगातार लाभान्वित हो रहे हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने कई लाभांवित हितग्राहियों से बिते दिनों वार्तालाप किया है। जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्का मकान मिला है। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए एक सपना का पूरा होने की तरह था। वे कभी भी जीवन में पक्का मकान नहीं बना सकते थे, प्रधानमंत्री ने उनके सिर पर पक्की छत का प्रबंध किया है। देश की जनता का आशीर्वाद निरंतर प्रधानमंत्री को मिल रहा है। विदेश में भारत का मान निरंतर बढ़ रहा है। विकसित भारत बनाने में आमजन भी अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही अपने सुझाव भी प्रशासनिक अधिकारियों को दें। हम सभी के प्रयास से भारत विश्व गुरु बनेगा। राज्यपाल ने अपनी ओर से सभी नागरिकों को कार्यक्रम की बधाई दी।

इसके पश्चात राज्यपाल ने सभी को विकसित भारत का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में सभी ने संकल्प लिया कि हम सब 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ेंगे, हमारे देश की एकता को और सुदृढ़ बनाएंगे, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे और एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएंगे।

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सबके लिए सौभाग्य का दिन है कि राज्यपाल श्री पटेल विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोडंग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्राप्त हो और कोई भी हितग्राही शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री एक पिता की तरह देश की जनता का ध्यान रखते हैं। आज आपके गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में 18 विभागों के अधिकारीगण आए हैं, जो आपको शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही आपकी समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी योजनाओं के अंतर्गत किया जा रहा है। आपकी सरकार आपके बीच आई है। इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। हम सभी जानते हैं कि कोरोना के कठिन काल में भी सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा। गरीब वर्ग के लोगों को निशुल्क अनाज वितरण किया गया। साथ ही सभी को निःशुल्क वैक्सीन भी उपलब्ध कराई गई। शासन की योजनाओं का लाभ लेने से जो लोग छूट गए हैं वे इस कार्यक्रम में अपना नाम पंजीयन करवाएं। राजस्व विभाग के अंतर्गत बटांकन व सीमांकन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण भी शीघ्रता से किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। घट्टिया के विधायक श्री सतीश मालवीय ने राज्यपाल को तुलसी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। ग्राम सोडंग के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अंतर्गत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये।

हितग्राही दिनेश पिता गंगाराम ने बताया कि पहले में कच्चे मकान में रहा करते थे, जिससे उनके परिवार को बहुत असुविधा होती थी। पीएम आवास योजना के माध्यम से उनके सिर पर पक्की छत आई है। उनकी मां को वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही है। उनके बालक का स्वास्थ्य खराब था, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उसका उपचार इंदौर में हुआ है। गरीबों के लिए इतनी सारी कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ करने के लिए वे प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हैं।

एक अन्य हितग्राही सुशीला ने बताया कि उन्हें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ है। पहले वे चूल्हे पर खाना बनाती थीं। इससे उन्हें बहुत परेशानी होती थी। अब गैस कनेक्शन आने के बाद कम समय में उनका भोजन बनकर तैयार हो जाता है। साथ ही अन्य कार्यों के लिए भी काफी समय मिलता है।

हितग्राही सपना चौहान ने बताया कि आजीविका मिशन के अंतर्गत उनका शिवशक्ति स्वसहायता समूह है। इससे कई महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। साथ ही गांव की अन्य महिलाओं को उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण और आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है?। आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

हितग्राही सीमा राठौर ने बताया कि उनके गांव में शासन की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। साथ ही शौचालय निर्माण भी हुए हैं। वे इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देती हैं।

हितग्राहियों के अनुभव साझा करने के पश्चात राज्यपाल द्वारा नए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ग्राम सोडंग में सरपंच श्रीमती धापूबाई को जल जीवन मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत नल कनेक्शन गांव में किए जाने पर अभिनंदन पत्र वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त मॉडल ओडीएफ का प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र, शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का प्रमाण पत्र, ब्लड प्रेशर की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करने पर विधायक घट्टिया श्री सतीश मालवीय को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। अटल ज्योति योजना के अंतर्गत हितग्राही मांगीलाल को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूह को चेक प्रदान किया गया। नवीन आयुष्मान कार्ड श्री भंवर सिंह को प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत श्री प्रभुलाल कछावा को 9 लाख 80 हजार रुपए का चेक, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत हितग्राही सेवाराम को 4 लाख 86 हजार रुपए का चेक, कक्षा पांचवी की छात्रा खुशी को और शानू सूर्यवंशी को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र और गांव के आकाश पिता राधेश्याम को साइकिल रेस में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कार प्रदान किया गया। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत श्रीमती ललिता राठी को साड़ी के उद्योग के लिए 3 लाख रुपए का चेक वितरित किया गया। राज्यपाल ने अपनी ओर से सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, सीईओ जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, एसडीएम घट्टिया, अन्य अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संदीप नाडकर्णी ने किया और आभार प्रदर्शन घट्टिया के विधायक श्री सतीश मालवीय ने किया।


कार्यक्रम के पूर्व राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सर्किट हाउस पहुंचे। इस दौरान सांसद श्री अनिल फिरोजिया, संभागायुक्त डॉ संजय गोयल, आईजी श्री संतोष कुमार सिंह, डीआईजी श्री अनिल सिंह कुशवाहा व सीईओ जिला पंचायत श्री मृणाल मीना ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

# 67वी राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उज्जैन।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 67वी राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता 8 जनवरी से भारत माता मंदिर के पास स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज सोमवार 8 जनवरी को दोप 3 बजे सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम में होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री आनन्द शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों के लगभग 450 विद्यार्थी एवं उनके ऑफिशियल्स सहभागिता करेंगे। प्रतियोगिता अन्तर्गत बालक एवं बालिका वर्ग के 14, 17 एव 19 आयुवर्ग के खिलाड़ियों के मलखम्ब के मुकाबले होंगे। क्लस्टर स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी दिनांक 8 एवं 9 जनवरी को उज्जैन में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने व नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर उज्जैन में आज व कल आयोजित किया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री आनन्द शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का उद्घाटन आज 8 जनवरी को दोप. 12 बजे शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर में होगा। विज्ञान प्रदर्शनी में संभाग के आगर, शाजापुर, देवास एवं उज्जैन के लगभग 300 प्रतिभागी विद्यार्थी एवं उनके मार्गदर्शी शिक्षक सहभागिता करेंगे।



उज्जैन पुलिस के द्वारा सक्रिय आदतन अपराधी जो लगातार झूठा समाजसेवी और पत्रकार होने का ढोंग रचा कर अवैध वसूली का धंधा कर रहे थे उनके विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी।

- इन शिकायतों में इनके विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गये है जैसे की डकैती, हत्या का प्रयास, ए स्टोरशन, मारपीट और ज्यूवेनाइल ओफ़ेन्स। जिसकी बिनाह पर FIR पंजीकृत की गईं हैं ।
- ऐसे लोगों की अवैध स□पति की जाँच और सोशल मीडिया के माध्यम से पोर्टल बंद कराने हेतु पत्राचार किया जा रहा है ।
- भविष्य में ऐसी घटनायें ना हो , जो इन लोगों के भय की वजह से सामने आने में समय लेती हैं , इसीलिए त्वरित कार्यवाही हेतु एक हैल्पलाइन नंबर दिया जा रहा है।

-पुलिस अधिक्षक सचिन शर्मा उज्जैन

# प्रधानमंत्री मोदी का हर सपना साकार करने के लिए हम संकल्पित हैं -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

››› प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा पर हितग्राहियों से की चर्चा ››› मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ सुना प्रधानमंत्री श्री मोदी का संवाद और उद्बोधन

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वार्ड क्रमांक 25, बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ शामिल हुए और प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न राज्यों के हितग्राहियों से यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के बाणगंगा स्थित संतोषी माता मंदिर के पास बने सभा स्थल पहुंचने पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, जनप्रतिनिधि श्री सुमित पचौरी तथा पार्षदगण ने स्वागत किया, मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सभा स्थल पर जन कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने भी वर्चुअली संबोधित किया।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों को दिलाई शपथ

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित नागरिकों को ÷भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने÷ की शपथ दिलाई।

### किसान, गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन को सुनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित मीडिया कर्मियों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसान,गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के पास काम हो, हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और प्रधानमंत्री श्री मोदी का हर सपना साकार हो, इसके लिए हम संकल्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता के अनुरूप प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, फर्टिलाइजर के उपयोग में कमी लाने, विश्वकर्मा योजना सहित स्वरोजगार के लिए संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार कार्यरत है।

## रंगे बाग थीम से महकेगा परी बाजार, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** बेगम्स आफ भोपाल की ओर से कमला पार्क में 11 से 14 जनवरी तक साहित्य, कला एवं संस्कृति के उत्सव परी बाजार का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय इस ऐतिहासिक महोत्सव में न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों से भी एग्जीबिटर्स प्रदर्शनी में शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को मीडिया से चर्चा में बेगम्स आफ भोपाल की अध्यक्ष रखशां जाहिद ने दी। उन्होंने बताया कि परी बाजार महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित शहर का सबसे बड़ा उत्सव है। जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित होंगी, जिनके माध्यम से युवा पीढ़ी को भोपाल की संस्कृति और इसके ऐतिहासिक महत्व से परिचित होने का अवसर मिलेगा। महोत्सव का शुभारंभ 11 जनवरी को शाम चार बजे राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक, कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय उपस्थित होंगी। परी बाजार में हस्तशिल्प प्रोडक्ट्स और हैंडलूम बुनकरों द्वारा बनाए गए वस्त्र और ड्रेस मेटेरियल्स प्रदर्शित किए जाएंगे। इस बार की थीम रंगे बाग है जो प्रदेश के प्रमुख एवं ट्रेडिशनल ब्लाक बाग प्रिंट को समर्पित है।

## प्रदेश में नागरिकों को सुशासन देने के लिये अनेक सुविधाएँ

**भोपाल।** प्रदेश में नागरिकों को सुशासन देने केलिये राज्य सरकार ने अनेक सुविधाएँ दी हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन सेवाओं में सीएम हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, सीएम जनसेवा और दिव्यांग हेल्पलाइन प्रमुख हैं।

**सीएम हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर**

राज्य सरकार ने प्रदेश के नागरिकों के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की है। कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी, शिकायत और सुझाव हेतु संपर्क किया जाता है। अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से करीब 3 करोड़ शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। जन सामान्य में नागरिकों की समस्या के निराकरण के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 काफी लोकप्रिय हुई है।

**महिला हेल्पलाइन**

प्रदेश में महिला उत्पीड़न से बचाव के लिये महिला हेल्पलाइन का संचालन भी किया जा रहा है। महिला हेल्पलाइन के संचालन के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 से एकीकरण किया गया है।

महिला हेल्पलाइन में महिलाओं से संबंधित अपराधों और समस्याओं में महिला की काउंसलिंग कर तत्काल राहत पहुँचाई जा रही है। महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक करीब 60 हजार 800 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।

**सीएम जन सेवा**

सीएम जनसेवा का शुभारंभ प्रदेश में लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था।

इसका संचालन भी 181 के माध्यम से किया जा रहा है। सीएम जन सेवा के माध्यम से 7 प्रमुख सेवाएँ, इनमें स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, चालू खसरा की प्रतिलिपि, खतौनी की प्रतिलिपि, चालू नक्शा की प्रतिलिपि, भू-अधिकार पुस्तिका की प्रतिलिपि और स्पेसिमेन कॉपी (खसरा, खतौनी एवं नक्शा) टोल-फ्री नंबर 181 पर एक कॉल पर SMS/Whatsapp एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। सीएम जन सेवा की स्थापना के बाद से अब तक 3 लाख 90 हजार आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी रामदेव को मध्यप्रदेश में गुरूकुल व आश्रम स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम शिलान्यास समारोह में हुए शामिल

### हमारी सनातन संस्कृति गुरू और गुरूकुल दोनों की महिमा बताती है

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी युगों में हमारे देश में शिक्षा-दीक्षा को बहुत महत्व प्रदान किया गया। आज से 5 हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बाल रूप में कंस जैसी महाशक्ति का पराभव करने के बाद भी तत्कालीन समाज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा होना चाहिए। परिणामस्वरूप श्रीकृष्ण उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपिनी आश्रम पधारे।

तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था 14 विद्या, 64 कला से परिपूर्ण थी। प्रत्येक शिष्य का सर्वांगीण विकास और उनमें मानवीयता के उत्कृष्ट मापदंडों की पुनर्स्थापना करना इस व्यवस्था का उद्देश्य था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हो रही नई शिक्षा नीति भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानवीय मूल्यों की स्थापना पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मध्यप्रदेश भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति गुरू और गुरूकुल दोनों की महिमा बताती है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने गुरूकुल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। हमारा यह सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है। योगगुरू स्वामी रामदेव ने हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् की स्थापना से इस पुण्य धरा को शिक्षा से जोड़ने का पुनीत कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगगुरु स्वामी रामदेव को इस प्रकल्प के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जैन या प्रदेश के अन्य किसी उपयुक्त स्थल पर गुरूकुल व आश्रम स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

### 21वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि 21वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी होगी और उत्कर्ष के यह लक्षण दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का यश सम्पूर्ण विश्व में स्थापित हुआ है। योग गुरू स्वामी रामदेव जी महाराज ने भारतीय संस्कृति की महत्ता को विश्व में स्थापित करते हुए भारतीय दर्शन व चिंतन में विश्वास की पुनर्स्थापना की है। स्वामी दयानंद जी ने 200 साल पहले जो अलख जगाया और स्वामी दर्शनानंद जी महाराज ने गुरूकुलों के माध्यम से जिन मूल्यों और विचारों का प्रसार किया, उन सबको नई शिक्षा नीति में सम्मिलित किया गया है। भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण के अलग-अलग दृष्टांतों को जोड़कर नई पीढ़ी को उनसे परिचित कराने, देश की संस्कृति को जोड़ने तथा आने वाली पीढ़ियों को मानवता की स्थापना में हरसंभव योगदान देने के लिए प्रेरित करने का नई शिक्षा नीति के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् शिलान्यास समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।



# सर्दियों के दौरान इन 5 तरह की जैकेटों को दें अपने वार्डरोब में जगह, मिलेगा स्टाइलिश लुक

**आज हम आपको कुछ जैकेटों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनकर आप भी सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिख सकते हैं। साथ ही यह जैकेट न सिर्फ लड़कों बल्कि लड़कियों के लिए भी परफेट होती हैं।**



साल के शुरुआत होने के साथ ही सर्दी भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बढ़ती ठंड से सभी लोग परेशान हैं। सर्दी से बचने के लिए लोग तमाम तरह के ऊनी और हैवी कपड़े पहनते हैं। जिससे कि उनको ठंडक कम लगे। हांलाकि जिस तरह से लोग गर्मियों में तरह-तरह के कपड़े पहनकर लोग स्टाइलिश दिखते हैं। ठीक वैसे की वह सर्दियों में भी स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। वहीं अगर बात जैकेटों की हो, तो अधिकतर लोगों को यह नहीं मालूम होता है कि जैकेट कितने तरह की होती है।

ऐसे में अगर आपको भी इस बात की जानकारी नहीं है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ जैकेटों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनकर आप भी सर्दियों के मौसम में स्टाइलिश दिख सकते हैं। साथ ही यह जैकेट न सिर्फ लड़कों बल्कि लड़कियों के लिए भी परफेक्ट होती हैं। ऐसे में इस सर्दी के मौसम में आपके वार्डरोब में 5 तरह की जैकेट जरूर होनी चाहिए।

## बॉम्बर जैकेट

बता दें कि अगर आपको भी डैपर लुक अच्छा लगता है, तो बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर ऑप्शन साबित हो सकता है। बॉम्बर जैकेट के साथ टीशर्ट काफी ज्यादा क्लासी लगती है। इस जैकेट के साथ अपने लुक को कूल बनाने के लिए आप कैप भी कैरी कर सकते हैं।

## ट्रकर जैकेट

ट्रकर जैकेट को डेनिम जैकेट भी कहते हैं। ऐसे में लड़कों के साथ लड़कियों के पास भी इस तरह की जैकेट जरूर होनी चाहिए। आप ट्रकर जैकेट को टीशर्ट के साथ पहन सकते हैं। ऐसे में आप भी अपने वार्डरोब में ट्रकर जैकेट को जगह दे सकते हैं।

## पारका जैकेट

अगर आप किसी ऐसी जगह पर रहते हैं, जहां पर काफी ज्यादा सर्दी होती है। तो आपको पारका जैकेट पहननी चाहिए। इस तरह के जैकेट को आप अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं। यह जैकेट काफी लंबी होती है और इसमें टोपी में फर भी लगी होती है।

## ब्लोजन जैकेट

हांलाकि यह जैकेट भी काफी हदतक बॉम्बर जैकेट की तरह होती है। लेकिन यह थोड़ी ढीली होती है और पहनने में काफी आरमदायक होती है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को भी अपने वार्डरोब में जगह दे सकते हैं।

## बाइकर जैकेट

बाइकर जैकेट लेदर से बनी होती है। जो न सिर्फ आपको सर्दी से बचाती है, बल्कि इसे पहनने के बाद आप स्टाइलिश भी नजर आ सकते हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए आप सफेद टी-शर्ट, काली जींस, ऊंचे जूते के साथ इसे भी कैरी कर सकते हैं।

### हेल्थ सेक्टर में हैं कॅरियर की अपार संभावनाएं

# इन क्षेत्रों में मिलेंगे कमाई के बेहतरीन अवसर

कोरोना महामारी की चपेट के बाद हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है। ऐसे में हेल्थ केयर सेक्टर युवाओं के लिए बेहद शानदार है। एक सर्वे के अनुसार, साल 2025 तक देश में 10 लाख से अधिक हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

आजकल के समय में कॅरियर को लेकर युवा काफी ज्यादा परेशान होते हैं। ऐसे में हेल्थ केयर सेक्टर युवाओं के लिए बेहद शानदार है। फिलकाल इस क्षेत्र में काफी कम लोग हैं। वहीं कोरोना महामारी के बाद इस सेक्टर के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ी है। कोरोना महामारी की चपेट के बाद हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है। ऐसे ही सेक्टर में कई विधाओं में कोर्स हैं, जिसमें से हॉस्पिटल मैनेजमेंट या हेल्थ केयर मैनेजमेंट कॅरियर के तौर पर एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है।

**जानिए क्या है हास्पिटल मैनेजमेंट**

हास्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के तहत आता है। इस सेक्टर से जुड़े प्रोफेशनल्स मानते हैं कि हेल्थ से संबंधित सर्विसेस के विस्तार से हास्पिटल मैनेजमेंट में काम बढ़ गया है। इस सेक्टर में व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने के साथ ही पैनी नजर भी बनाए रखना होता है। वहीं मरीजों को इलाज में बेहतर सुविधा मिले इसकी भी कोशिश करनी होती है।आधुनिक उपकरणों और नई-नई तकनीक की व्यवस्था करना और अच्छे डाक्टरों को जोड़ना हॉस्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आता है। इसके अलावा किसी हादसे के होने पर इन्हीं प्रोफेशनल्स को इसका जिम्मा उठाना पड़ता है। कर्मचारियों की सुविधा और हॉस्पिटल की वित्तीय व्यवस्थाओं आदि का कार्य भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट में आता है।

**अहम है यह सेक्टर**

आपको बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट में कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार भी इन कोर्स के दायरे में आता है। एक सर्वे के अनुसार, साल 2025 तक देश में 10 लाख से अधिक हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

**कोर्स**

- सर्टिफिकेट कोर्स इन हेलथ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट
- पीजी डिप्लोमा इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन
- ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट
- पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन
- एमबीए इन हास्पिटल मैनेजमेंट बैचलर कोर्स
- 12वीं में साइंस होने के साथ 50 प्रतिशत के साथ

**पीजी कोर्स**


- ग्रेजुएशन इन हास्पिल मैनेजमेंट
- एमफिल या पीएचडी
- पीडी हास्पिटल मैनेजमेंट

यहां से करें कोर्स

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
- अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

# रोजाना कैस्टर ऑयल लगाने से गुलाबी हो जाएंगे काले होंठ, जानिए कैसे करें अप्लाई

**फेस पर कैस्टर ऑयल लगाने से कील-मुंहासे, एलर्जी और दाग-धबे की शिकायत नहीं होती हैं। कई लोगों के होंठ काले हो जाते हैं। ऐसे में रोजाना होंठों पर इस तेल को लगाने से लिप्स कोमल व गुलाबी होते हैं।**



सभी लोगों की लगभग यही चाहत होती है कि उनके बाल और त्वचा अच्छे हों। साथ ही आपने यह भी देखा होगा कि लोग बालों और त्वचा पर अरंडी का तेल लगाते हैं। तो वहीं कुछ लोग इसका सेवन भी करते हैं। क्योंकि अरंडी कई चीजों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व और औषधीय गुण पाए जाते हैं। अरंडी में ओमेगा-6 और 9 जैसे हेल्दी फैट्स भी पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन ई की भी अच्छी खासी मात्रा पायी जाती है।

वहीं अरंडी के तेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है और पेट संबंधी समस्याएं भी नहीं होती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि फेस पर अरंडी का तेल लगाने से कील-मुंहासे, एलर्जी और दाग-धब्बे की शिकायत नहीं होती हैं।

साथ ही रोजाना होंठों पर इस तेल को लगाने से होंठ कोमल व गुलाबी होते हैं। कई लोगों के होंठ काले हो जाते हैं। अगर आपके साथ भी यह समस्या है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होंठों पर अरंडी का तेल लगाने से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसको किस तरह से लगाना चाहिए।

## कैस्टर ऑयल लगाने के फायदे

- **होंठ नैचुरली मॉइश्चराइज होने के साथ हाइड्रेट रहते हैं।**
- **लिप्स के आसपास की पिगमेंटेशन की समस्या दूर होती है।**
- **डेड स्किन साफ हो जाती है।**
- **ड्राईनेस कम हो जाती है।**
- **कटे-फटे होंठ मुलायम हो जाते हैं।**
- **काले व चपटे होंठ मुलायम व गुलाबी हो जाते हैं।**

## कैसे करें अप्लाई

होंठों को स्वस्थ व नैचुरली गुलाबी बनाने के लिए आप अरंडी के तेल को सीधे तौर पर होंठों पर अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आपको अरंडी के तेल की 1-2 बूंद लेनी है। फिर इसे होंठों पर अप्लाई करने के साथ हल्के हाथों से थोड़ी देर मसाज करें। रोजाना ऐसा करने से आपके होंठ मुलायम व गुलाबी हो जाएंगे।

इसके अलावा आपको अरंडी के तेल से बना लिप बाम भी मार्केट में आसानी से मिल जाएगा। या फिर आप इस तेल से घर पर आसानी से लिप बाम बना सकती हैं। इसके लिए आपको एक पैन में शिया बटर का छोटा से टुकड़ा डालना है। जब यह पिघल जाए, तब इसमें 1 चम्मच अरंडी का तेल, 1 चम्मच अन्य तेल व थोड़ा सा शहद मिलाएं। इस आसान तरीके से आपका लिप बाम बनकर तैयार हो जाएगा। इस लिप बाम को नियमित होंठों पर अप्लाई करने से आपके होंठ नैचुरली गुलाबी हो जाएंगे।

# देवास जिले की ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में

## योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी सरकार आपकी ग्राम पंचायत में आई है - राज्यपाल श्री पटेल



**देवास।** देवास जिले की ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अंतर्गत कार्यक्रम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में आयोजित शिविर में कहा कि योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सरकार आपके द्वार पहुंचकर लाभान्वित कर रही है। आज पूरी सरकार ग्राम में आकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था। लेकिन अब संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाये जा रहे हैं, वहीं गरीब व्यक्तियों को निःशुल्क 5 लाख तक का इलाज आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसमें हम सभी का योगदान आवश्यक है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि योजनाओं के लाभ के लिए घूमना पड़ता था। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत में यात्रा निकाली जा रही है। देवास में 50 प्रतिशत ग्रामों में यात्रा निकाली गई है। देश भविष्य की ओर बढ़ रहा है। आज गंधर्वपुरी ग्राम पंचायत में पूरी सरकार आ गई है। स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।

मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक, जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इसमें आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। महिलाएं अब अपने परिवार की उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्व-सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं।

राज्यपाल श्री पटेल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

राज्यपाल श्री पटेल ने गंधर्वपुरी में पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया वहां पर प्राचीन मूर्तियों को देखा और संबंधितो से जानकारी भी। राज्यपाल श्री पटेल ने पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को हम सबको मिलकर पूरा करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में देवास जिले के हजारों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से निचले स्तर से लेकर पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्डों के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशानुसार योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को निचले स्तर तक प्राप्त हो, इसके लिए संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित हो रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य घर-घर तक योजनाओं को पहुंचना है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। किसान सम्मन निधि, आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर ने कहा कि गौरव की बात है कि गंधर्वपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर आयोजित हुआ है। गंधर्वपुरी की प्राचीन पहचान है, यहां 11वीं 12वीं 13वीं शताब्दी के धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के अवशेष मिलते हैं। सरकार नागरिकों के सपनों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। आने वाले समय में देश विकासशील नहीं विकसित देश कहलायेगा। आज घर-घर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी**

ग्राम पंचायत गंदर्भपूरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, कृषि, महिला बाल विकास, आयुष, उद्यानिकी, आधार अपडेशन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल्स लगाये गये और विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लाभान्वित भी किया गया।

**शपथ भी दिलाई**

राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक कर्तव्य निभाने की शपथ भी दिलाई।

# उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेड़ा में शामिल हुए

## गरीब एवं पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान - श्री देवड़ा



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेडा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान दोनों गांव में आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए गए। शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ किया। उसके पश्चात शिविर में स्कूल के नन्ही-नन्ही बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि गरीब एवं पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान है। हर कमजोर व्यक्ति का ध्यान सरकार रखती है। उसकी हर संभव सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री ने पूरे देश का विचार किया है, हर परिवार को शुद्ध पानी मिले । शुद्ध पानी मिलाने से बीमारियों का प्रकोप कम होता है, इसके लिए जल जीवन मिशन बनाया गया। हर गांव में काम चल रहा है। घर-घर में नल से पानी मिलेगा। बीमार होने पर इलाज के लिए अस्पताल बनाए गए।

# जिला स्तरीय इस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी सपन्न

**नीमच।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित एवं म.प्र. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी 5 एवं 6 जनवरी 2024 को डाईट परिसर नीमच में आयोजित की गइ है। प्रदर्शनी के अन्तर्गत विद्यार्थियों मे विज्ञान शिक्षा एवं नवाचार के प्रति रूचि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए संचालित इॅस्पायर अवार्ड योजना की दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन कलेक्टर दिनेश जैन के आथित्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा, कि छात्रों को अपने जीवन में हमेशा सफलता के लिये निरन्तर प्रयास करना चाहिये।

उन्होने कहा, कि एक छोटा सा प्रयास छात्रों को जीवन में बडी संफलता दिला सकता है। छात्रो ने अपने प्रोजेक्ट में जो नवाचार किया है, उनको जीवन में उपयोग किया जा सकता है। जिससे नवाचार समाज उपयोगी बन सके।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. शर्मा ने कहा, कि नीमच प्रांरभ से ही वैज्ञानिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है यहा के विद्यार्थियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक जिले का प्रतिनिधित्व कर सफलता प्राप्त की हैं। श्री शर्मा ने कहा, कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र अपने जीवन में प्रेरणा लेते है तथा विज्ञान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर सफलता प्राप्त करते है। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी प्रलयकुमार उपाध्याय ने बताया की इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी जिले में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, यहा से 10 प्रतिशत विद्यार्थियों का राज्य स्तर के लिये चयन होता है।

# लम्बित प्रकरणों का निराकरण इसी हफ्ते करवायें अगली टीएल बैठक में लम्बित प्रकरण न रहे

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने टीएल की बैठक लेकर निर्देश दिये कि लम्बित प्रकरणों का निराकरण इसी हफ्ते अनिवार्य रूप से करवाया जाना सुनिश्चित करें। अगली टीएल बैठक में किसी विभाग के लम्बित प्रकरण न रहे। अधिकारी बैठक में जो पूछा जाये, उसका उत्तर सोच-समझकर जवाब दें। जिले के अस्पतालों में जहां-जहां ऑक्सीजन प्लांट हैं, उन प्लांटों का मेंटेनेंस करवाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने स्तर पर अपने-अपने कोर्ट में प्रकरणों के निराकरण के लिये तिथि एवं समय तय करें। तिथि और समय तय करने के बाद राजस्व अधिकारी अपने-अपने कोर्ट में अनिवार्य रूप से बैठकर प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि कभी भी कहीं पर भी राजस्व कोर्ट का निरीक्षण किया जायेगा और निरीक्षण के दौरान कोई राजस्व अधिकारी अनुपस्थित मिलते हैं तो उनके विरूद्ध सख्ती से नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। कोई भी राजस्व अधिकारी बिना कलेक्टर की अनुमति के अपनी राजस्व कोर्ट नहीं छोड़ेंगे।




**बारिश या पाले में फसलों की सुरक्षा एवं सतर्कता अनिवार्य रूप से बरतने के निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिले में मौसम की स्थिति को देखते हुए तहसीलवार बारिश, पाला की जानकारी प्राप्त की। तहसीलदारों ने अवगत कराया कि तहसीलों में फसलों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं है, सामान्य स्थिति है। कलेक्टर ने इस सम्बन्ध में निर्देश दिये कि बारिश, पाले में फसलों की सुरक्षा एवं सतर्कता अनिवार्य रूप से बरती जाये। लगातार हलके के पटवारी अपने-अपने हलके में भ्रमण करते रहें। कहीं से भी किसी भी प्रकार की फसलों की पाले से या बारिश से नुकसान होता है तो तुरन्त अपने वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यान में लाया जाये। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में तालाबों, नहरों, नदियों आदि के माध्यम से कितने रकबे में फसलों में सिंचाई होती है, उसकी जानकारी से अवगत कराया जाये। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के पटवारियों को फील्ड में रहने हेतु निर्देशित किया जाये। ओला, पाला, बारिश पर विशेष ध्यान दें।

**संतोषजनक उत्तर न देने पर नाराजगी प्रकट करते हुए**

शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने विभागवार समीक्षा के दौरान कृषि विभाग की समीक्षा के समय विभाग की जानकारी लेने पर संतोषजनक उत्तर न देने पर कृषि विभाग के उप संचालक श्री आरपीएस नायक पर नाराजगी प्रकट करते हुए शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। फसल बीमा योजना, भारत संकल्प यात्रा के दौरान ड्रोन प्रदर्शन, जिले में कितने रकबे में किन स्त्रो। तों से सिंचाई होती है, आदि की जानकारी देने में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर निर्देश दिये कि बैठक में पुख्ता जानकारी के साथ उपस्थित रहें। बैठक में खाद की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में सामान्य स्थिति है। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि पीडीएस में 31 जनवरी तक ई-केवायसी की जाये। दुकानों के आवंटन की जानकारी प्राप्त करने पर जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुज़हत बानो बकाई ने बताया कि दुकानों के आवंटन के सम्बन्ध में स्व-सहायता समूह के द्वारा आवेदन दिये गये हैं। जिले में 790 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें हैं। खाद्यान्न वितरण में अभी किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। बैठक में कलेक्टर ने पीएम किसान योजना, स्वामित्व योजना, ग्रामीण भू-अधिकार योजना, धारणा अधिकार, आयुष्मान कार्ड, सुरक्षा बीमा योजना आदि की विस्तार से समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। ई-केवायसी कराया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में विशेष शिविर जारी कर 31 जनवरी तक उक्त कार्यवाही की जाये।

## सिंहस्थ-2028 के प्रस्तावित कार्य योजना पर विभाग

**जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभाग के द्वारा प्रस्तावित कार्यों की कार्य योजना तैयार करें। इस सम्बन्ध में बैठक बुधवार 10 जनवरी को शाम 7 बजे ली जायेगी। बैठक में अधिकारी अपने-अपने विभाग की क्या-क्या आवश्यक निर्माण कार्य हैं, उसकी कार्य योजना निर्धारित दिये गये प्रोफार्मा में बैठक में अनिवार्य रूप से जानकारी लेकर आयें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जैसे कार्य का नाम, विभाग का नाम/कार्य एजेन्सी, अनुमानित लागत और कार्य पूर्णता का अनुमानित समय। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मन्दिरों एवं स्मारकों का नवीनीकरण एवं विकास, मेला क्षेत्र का विकास, सड़कें, पुल, सड़क चौड़ीकरण, पीने का पानी, स्वच्छता कार्य, पॉवर स्टेशन और लाइनें, रेलवे स्टेशन क्षेत्र का विकास, हवाई पट्टी का विकास, स्वास्थ्य बुनियादी विकास, पर्यटन स्थलों का विकास, शासकीय कार्यालय एवं आवास, पार्क, फव्वारे एवं सौंदर्यीकरण, कानून व्यवस्था के लिये इंफ्रास्ट्रक्चर, फायर स्टेशन सहित आपदा तैयारी आदि अन्य महत्वपूर्ण कार्य जो सिंहस्थ के पूर्व कराया जाना है, की जानकारी उक्त बैठक में लाई जाये।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का जनपदवार एवं नगरीय निकायवार सत्यापन करें**

कलेक्टर ने बैठक में सामाजिक न्याय विभाग से सम्बन्धित सामाजिक सुरक्षा पेंशनों तथा संबल योजना आदि योजनाओं का भौतिक सत्यापन ई-केवायसी के माध्यम से किया जाये, ताकि सत्यापन के दौरान यह पता चले कि किन हितग्राही की मृत्यु हो गई या अन्य कहीं चले गये हैं आदि। संबल योजना अन्तर्गत सीएम हेल्पलाइन, संबल-2 योजना अन्तर्गत असंगठित श्रमिकों के पंजीयन की जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि लम्बित प्रकरणों का निराकरण जीरो टॉलरेंस किया जाये। जहां जांच चल रही है, वह जांच पूर्ण की जाये और लम्बित प्रकरण है तो ठोस कारण होना चाहिये। बैठक में सीएम राइज की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि किसी शासकीय विभाग में शासकीय अधिवक्ता को फीस न दी जाये, अन्यथा वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में माना जायेगा। बैठक में कलेक्टर ने लम्बित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि माहवार किस विभाग में कितने पेंशन के लम्बित प्रकरण हैं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाये और समय-सीमा में अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाये। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि शिकायतों का निराकरण उचित समयावधि में किया जाये।

# साप्ताहिक भविष्यवाणी



**मेष-** यह सप्ताह आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा कुछ परिवारिक समस्याओं में उलझ सकते परिवार में संपत्ति आदि को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है कोई आकस्मिक घटना परिवार में घट सकती है इस सप्ताह है आपको कई स्थितियों में अपमान का सामना करना पड़ सकता है इस सप्ताह अपनी वाणी पर संयम रखना आपके लिए बहुत जरूरी है।



**वृषभ-** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है आप अपने परिवार के साथ इस सप्ताह कहीं बाहर यात्रा आदि पर जा सकते हैं साथ ही परिवार में माहौल अच्छा रहेगा आपका सम्मान बढ़ेगा परिवार के हित में आप कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं बहुत दिनों से चला आ रहा है पारिवारिक विवाद इस सप्ताह दूर हो जाएंगे परिवार में मांगलिक कार्य होंगे परिवार में आपसी सामंजस्य देखने को मिलेगा मन आध्यात्म की ओर झुका रहेगा



**मिथुन-** यह सप्ताह मिथुन राशि वालों के लिए शानदार रहने वाला है आपके सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे इस सप्ताह आप परिवार के साथ आनंद के क्षण बिताएंगे आपका मन शांत होगा परिवार के साथ इस सप्ताह आप मौसम का आनंद लेने के लिए बाहर किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं परिवार के साथ आपका यह जुड़ाव आगामी समय में आपके लिए लाभदायक रहेगा।



**कर्क-** यह सब कहां है परेशानियों से भरा रहेगा आप मानसिक तौर से काफी परेशान रह सकते हैं परिवार में किसी आकाश मिक घटना के चलते समूचे परिवार में माहौल अशांत रहेगा हो सकता है आप अपने परिवार के किसी व्यक्ति को खो सकते हैं साथ ही कुछ परिस्थितियों में आपके परिवार के लोग आपके विचार से सहमत होते नहीं दिखेंगे जिस कारण परिवार में आपसी मतभेद की स्थिति निर्मित हो सकती हैं।



**सिंह-** करने पर भी आपको उसमें सफलता मिलने में इस सप्ताह संदेह हैं मन अशांत रहेगा परिवार में किसी अपने के व्यवहार से आपके मन को ठेस पहुंच सकती हैं परिवार में आपसे मतभेद उभर कर सामने आएंगे पारिवारिक बातों को लेकर आपकी पत्नी का परिवार के लोगों से झगड़ा हो सकता है अतः वाणी पर संयम रखें वाद-विवाद से दूर रहें यह सप्ताह आपको बड़े संभल कर चलना होगा।



**कन्या-** यह सप्ताह है कन्या राशि वालों के लिए सामान्य रहेगा आप कुछ परेशानियों के चलते अपने काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे साथी यह सप्ताह कुछ समस्याओं से भरा रहेगा जैसे पारिवारिक या न्यायालय पक्ष की समस्याएं इस सप्ताह आपके सामने आ सकती हैं कोई पुराना विवाद उभर कर सामने आएगा जिससे आपका मन चिंतित रहेगा आप किसी कार्य विशेष के लिए



**तुला-** यह सप्ताह आपके लिए खुशियों भरा रहेगा आप परिवार में किसी नए व्यक्ति के आने से प्रसन्न होंगे साथी आपका कोई पुराना रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है जिस कारण आपको लाभ प्राप्त होगा परिवार में सभी लोग आपके सम्मान करेंगे वह सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में आपका कद बढ़ेगा सामाजिक तौर से कोई विशेष पद आपको प्राप्त हो सकता है ।



**वृश्चिक-** यह सप्ताह आप किसी सामाजिक विवाद में उलझ सकते हैं किसी दूसरे का किया हुआ कार्य का दोष आपके ऊपर लग सकता है विरोधी वर्ग आप को नुकसान पहुंचा सकते हैं परिवार में कुछ लोगों के प्रयास से आपसी मतभेद कराने में विरोधी वर्ग सफल होंगे आपके लिए अच्छा होगा अपने परिवार के महत्व को समझें सबसे संबंध मधुर रखें वाणी पर संयम रखें व समय को पहचान कर कार्य करें



**धनु-** इस सप्ताह धनु राशि वालों को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है आप सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में विरोधी वर्ग का विरोध आपको अपने प्रति दिखाई पड़ेगा आपके विरोधी आप के सम्मान को गिराने के लिए आपके प्रति दुर्व्यवहार कर सकते हैं यह सप्ताह संभल कर चलने का है क्रोध ना करें वह अपने व्यवहार को संभाल कर प्रयोग करें।



**मकर-** यह सप्ताह आपके लिए ठीक रहेगा आपका स्वास्थ्य मैं आपको लाभ महसूस होगा मन आध्यात्मिक की ओर झुका रहेगा वाणी से आप लोगों को प्रभावित इस सप्ताह कर पाएंगे परिवार में अपनों का सहयोग मिलेगा वह कोई धार्मिक आयोजन परिवार में बन सकता है पत्नी से मनमुटाव दूर होगा न्यायालय पक्ष में आपको विजय प्राप्त होगी बहुत पुराना चल रहा आपका विवाद खत्म होगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा



**कुंभ-** यह सप्ताह आपके लिए शानदार रहेगा सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे आपका पुराना रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे वाह परिवार में कोई नया मेहमान आ सकता है आपका मन प्रसन्न रहेगा सामाजिक वह राजनीतिक में आपको सम्मान प्राप्त होगा परिवार के लोग आपके हर डिसीजन में आपके साथ होंगे।



**मीन-** यह सप्ताह आप किसी बात विवाद झगड़े आदि में फंस सकते हैं विरोधी वर्ग आपको अपने षड्यंत्र का शिकार बना सकता है वाद-विवाद से दूर रहे वाणी पर संयम रखें वह किसी के वह गाने आने पर ना आए परिवार में चल रहे वाद विवाद को दूर करने का प्रयास करें पत्नी से मतभेद बन सकते हैं इस सप्ताह अपने लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें ।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मांडविया एवं उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सन्तजनों के आश्रमों में जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया





**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ् राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल आदि ने श्री महाकालेश्वर मन्दिर में पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गर्भगृह के बाहर द्वार से दर्शन कर पूजा-अर्चना की। पूजन-अर्चन पं.राजेश गुरू आदि ने सम्पन्न करवाई। पूजन-अर्चन के बाद मुख्यमंत्री, केन्द्रीय स्वास्थ् मंत्री, उप मुख्यमंत्री का कलेक्टर एवं श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री नीरज कुमार सिंह ने भगवान श्री महाकाल की तस्वीर, प्रसाद, दुशाला भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक श्री सतीश मालवीय, यूडीए अध्यक्ष श्री श्याम बंसल, संभागायुक्त डॉ.संजय गोयल, आईजी श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, एसपी श्री सचिन शर्मा, श्री विवेक जोशी, श्री विशाल राजौरिया, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री इकबाल सिंह गांधी, श्री राजपाल सिंह सिसौदिया, श्री संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती, श्री सत्यनारायण खोईवाल, श्री मुकेश यादव, श्री सचिन सक्सेना, श्री मुकेश जैन, श्री धनंजय शर्मा, श्री जगदीश पांचाल, श्री दिनेश जाटवा, श्री ऋषि वर्मा आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मन्दिर देवदर्शन के पहले वाल्मिकीधाम स्थित राष्ट्रीय सन्त बालयोगी श्री उमेशनाथ महाराज के आश्रम पहुंचकर समाधि के दर्शन कर बालयोगी श्री उमेशनाथ महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री उमेशनाथ महाराज ने मुख्यमंत्री का सम्मान कर आशीर्वाद प्रदान किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भर्तृहरि गुफा पहुंचकर श्री शिव गोरखनाथाय का पूजन-अर्चन किया। भर्तृहरि गुफा के गादीपति महन्त श्री रामनाथ महाराज ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने महन्त श्री रामनाथ महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्राम्हण बटुकों ने स्वस्ति वाचन किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद भर्तृहरि गुफा में स्थित गौशाला में गौमाता को भूसा खिलाया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल गऊघाट स्थित महन्त श्री रामेश्वरदास के आश्रम पहुंचकर महन्तश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम के महन्तों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री रामेश्वरदास महाराज, महाकालेश्वर मन्दिर के महन्त श्री विनीत गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर मंदाकिनी दीदी, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इन्दौर रोड स्थित तपोभूमि पहुंचकर तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का जैन समाज के नागरिकों ने अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उन्हें मालवा गौरव से सम्मानित कर जैन समाज के पदाधिकारियों ने 58 प्रकार के विविध फलों से एवं मालाओं से मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री को आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने दण्ड भेंट किया। धर्मदण्ड प्रदान कर आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि यह धर्मदण्ड रक्षा करेगा और धर्मदण्ड न्याय का प्रतीक है और मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता में न्याय प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि मेरी ओर से और जैन समाज की ओर से उन्हें चौबीसों घंटे आशीर्वाद मिलता रहेगा। सकल जैन समाज की ओर से मुख्यमंत्री का समाजसेवी श्री अशोक जैन ने तिलक लगाकर, पगड़ी पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। इसी तरह सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायकद्वय श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री ओम जैन, श्री राकेश अग्रवाल, श्री कपिल यार्दे आदि ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर उनका अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि हमें कई पुण्यों के बाद मानव योनी प्राप्त होती है। मानव योनी प्राप्त होने पर व्यक्ति देवमार्ग पर चलता है या लोभ-लालच की राह पर चलता है। यह हमें तय करना है। मनुष्य के जन्म के बाद परमात्मा सन्तों के सान्निध्य से आशीर्वाद मिलते हैं और उनके बताये गये सही रास्ते पर चलकर मानव कल्याण के लिये काम करें। मुख्यमंत्री होने के नाते प्रदेश में सुख-समृद्धि आये, विकास के पथ पर प्रदेश आगे बढ़े और सबके कल्याण के लिये अच्छा काम करूं, यही ईश्वर से प्रार्थना करूंगा और जनता की भलाई करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि जियो और जीने दो का नारा चरितार्थ करते हुए हम सबको मानव कल्याण की दिशा में कार्य करना चाहिये।

तपोभूमि के मीडिया प्रभारी एवं समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का तपोभूमि पर पधारने पर आभार प्रकट किया और कहा कि जयति जय उज्जयिनी अर्थात उज्जैन की हमेशा जय होती रही है हजार वर्षो से। सम्राट विक्रमादित्य की नगरी, गौतम बुद्ध की तपस्थली, 24वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी की तपस्थली, आचार्य गुरुदेव श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज की धर्म स्थली तप स्थली सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ श्री महावीर तपो भूमि पधारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जैन समाज हृदय से आभारी है, कृतज्ञ है। सभी संस्थाओं की और से आभारी हैं संस्थान प्रत्येक समाज संस्था के प्रत्येक व्यक्ति के आभारी हैं जो यहां पर आए और कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हम आभारी हैं विधायक, सांसद एवं सभी पदाधिकारी के जिन्होंने यहां पर आकर हमारा मान बढ़ाया और कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हम आभारी हैं।

# सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिये उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें -मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## उज्जैन शहर के नालों एवं सीवरेज का पानी शिप्रा में न मिले, मुख्यमंत्री ने दिये सख्त निर्देश ›› मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक ली




**उज्जैन।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिये उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चिन्ता का विषय है कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये विशेषज्ञों की राय ली जाये। गन्दा पानी हम शिप्रा में जाने से कैसे रोके, इसका प्लान तैयार किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्दे पानी के नाले एवं सीवरेज का पानी को रोकने के लिये सांवेर, रामवासा, पंथपिपलई, राघौपिपल्या में स्टापडेम बनाया जाये और यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाये। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से साफ हुए पानी का उपयोग किसान सिंचाई हेतु करें, इसके लिये किसानों को समझाईश भी दी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में गन्दा पानी शिप्रा में जाने से रोकना चाहिये। उन्होंने कहा कि साल दो साल में नई कॉलोनियां भी डेवलप होती हैं। वहां के सीवरेज के पानी की निकासी भी पर्याप्त व्यवस्था की जाये। वह पानी किसी भी स्थिति में शिप्रा नदी में न मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टापडेम का रख-रखाव, मरम्मत का कार्य एवं आवश्यकता पड़ने पर उसकी ऊंचाई बढ़ाने का काम प्राथमिकता से किया जाये। उक्त निर्देश मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक में दिये। बताया गया कि कान्ह नदी पर पक्का स्टापडेम बनाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदावल में पम्पिंग स्टेशन है। पानी को स्टापडेम की ओर डायवर्ट किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांवेर पर ही गन्दे पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं स्टापडेम बनाकर कंट्रोल कर लें तो शिप्रा शुद्ध रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में टाटा प्रोजेक्ट अपना कार्य समय पर पूरा नहीं कर रही है। अतः उनके कार्यों की पुनः समीक्षा की जाये। उन्होंने कहा कि नृसिंह घाट में किसी भी स्थिति में गन्दगी इकट्ठी न हो, अन्यथा वह रामघाट तक प्रवाहित होती है। गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही जगह कचरा डम्प होने से आसपास के पांच गांव में पेयजल पीने योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई-नई टेक्नालॉजी आ गई है। आवश्यकता है कि नई टेक्नालॉजी के द्वारा हम कचरा अपशिष्ट प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर निगम के अपशिष्ट पदार्थ एवं इण्डस्ट्री के गन्दे पानी को रोकने का प्लान तैयार करें। उन्होंने इन्दौर संभागायुक्त श्री मालसिंह को निर्देश दिये कि वे तत्सम्बन्ध में एक कार्य योजना तैयार करें। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने रूद्र सागर में मिलने वाले नाले, नई कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी।

# घटते लिंगानुपात अथवा लिंगानुपात में असंतुलन के सबन्ध में बैठक सपन्न

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय बैठक लेकर जन्म के समय शिशु लिंगानुपात के सुदृढ़ीकरण के लिये सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि जिले में इस सम्बन्ध में जागरूकता लाने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। फ्लेक्स, होर्डिंग लगाये जायें। जन्म के समय शिशु लिंगानुपात सामाजिक स्थिति का द्योतक है एवं घटते लिंगानुपात अथवा लिंगानुपात में असंतुलन के चलते भ्रूण हत्या, लैंगिक हिंसा, घरेलु प्रताड़ना आदि में कमी होना चाहिये। इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उचित कार्यवाही कर प्रचार-प्रसार किया जाये। आसान भाषा में ब्रोशर तैयार कर वितरण कर जागरूकता लाई जाये और आमजन को समझाईश दी जाये। बैठक में डीएचओ-1 एवं नोडल अधिकारी डॉ.एसके सिंह एवं एडीजे श्री कपिल भारद्वाज ने उक्त बिन्दु पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ.सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-4 के पहले यह सर्वे 2015-16 में हुआ था।

मालिक/प्रकाशक/मुद्रक अजयसिंह चौहान द्वारा 174, शंकरपुर मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित तथा उदयरत्न ऑफसेट, 170/2, दारु गोडाउन के आगे, आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक-अजयसिंह चौहान मोबा. 94245-07111, 99264-44179 (सभी वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)।